भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 335
उत्तर देने की तारीख 28 नवंबर, 2024

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) 4जी का विस्तार

335. श्री एस. निरंजन रेड्डीः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा नियुक्त 'बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप' (बीसीजी) ने बीएसएनएल के पुनरुद्धार के लिए कार्यनीतियों की सिफारिश की है जिनमें 4जी के विस्तार में तेजी लाना, सेवा की गुणवत्ता बढ़ाना और उपभोक्ता सहायता के लिए एक जनरेटिव एआई चैटबॉट आरंभ करना शामिल है;

(ख) यदि हां, तो सरकार इन सिफारिशों को लागू करने के लिए क्या कदम उठा रही है और बीएसएनएल के पुनरुद्धार के लिए क्या विशिष्ट कार्रवाई की जा रही है; और

(ग) क्या विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में बीएसएनएल की 4जी और 5जी सेवाएं आरंभ करने के लिए विशिष्ट समय-सीमाएं निर्धारित की गई है और यदि हां, तो प्रत्येक क्षेत्र में इसके पूर्ण होने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) मैसर्स बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) ने बीएसएनएल प्रबंधन को एक अंतरिम रिपोर्ट सौंपी है।

इसके अलावा, सरकार ने बीएसएनएल के पुनरुज्जीवन के लिए अनेक कदम उठाए हैं। वर्ष 2019 में लगभग 69,000 करोड़ रुपये की राशि के प्रथम पुनरुज्जीवन पैकेज से बीएसएनएल/एमटीएनएल की प्रचालन लागत में कमी आई। वर्ष 2022 में लगभग 1.64 लाख

करोड़ रुपये की राशि का पुनरुज्जीवन पैकेज दिया गया। इसमें नई पूंजी लगाने, ऋण पुनर्गठन, ग्रामीण टेलीफोनी के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण आदि पर ध्यान केंद्रित किया गया। वर्ष 2023 में सरकार ने लगभग 89 हजार करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ बीएसएनएल को 4जी/5जी स्पेक्ट्रम के आवंटन को मंजूरी दी।

(ग) आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप बीएसएनएल ने अखिल भारतीय स्तर पर तैनाती के लिए स्वदेशी रूप से विकसित 4जी साइटों के लिए क्रय आदेश दिया है। 4जी उपकरणों की आपूर्ति सितंबर, 2023 से शुरू हो गई है और दिनांक 31.10.2024 तक कुल 50,708 4जी साइटें संस्थापित की जा चुकी हैं और 41,957 साइटें ऑन-एयर हैं। यह उपकरण 5जी में उन्नयन करने योग्य हैं।

***